हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 15 मई 2024

तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 22.3 डिग्री

12 बच्चों के जीवन में मां की अहम भूमिका


12 दसवीं कक्षा में आयुषी सैनी ने मारी बाजी


## खबर संक्षेप

### नशीले कैप्सूल सहित दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना के पुल के नीचे से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी शिव कुमार उर्फ मित्ता को 208 नशीले कैपसूल्ज सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशीले कैप्सूलज़ की तस्करी का अपराधिक कार्य करते है। सूचना के आधार पर पुलिस ने पुल के नीचे नाकाबंदी कर आरोपियों को काबू कर लिया।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज घर में घुसकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी वीरेंद्र उर्फ सागर को गिरफ्तार किया है। दुखेड़ी के अनिल कुमार ने 12 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी वीरेंद्र उर्फ सागर ने उसके घर में घुस कर उससे लोहा सरिया से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरप्रीत सिंह, राहुल व आरोपी संदीप को गिरफ्तार किया है। सुभरी के रविंद्र कुमार ने 08 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 मार्च 2024 को आरोपियो द्वारा दुकान से रूपयों का हार लेकर पैसे न देने की धोखाधड़ी का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### युवती घर से नगदी लेकर फरार

**पानीपत।** पानीपत के न्यू क्रांति नगर से समुदाय विशेष की लड़की को उसी मकान में किराए पर रहने वाला रोहित उर्फ छोटू निवासी बिहार, बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। परिजनों का कहना है कि रोहित दो साल से लड़की को परेशान करता था। अनेकों बार लड़की के परिजनों ने उसे समझाया भी था, लेकिन वह नहीं माना। अब वह सोते हुए परिवार के बीच में से लड़की को भगा ले गया। लड़की अपने कागजात व घर में रखी नगदी लेकर चली गई।

### बेटे को लेकर नहर में कूदी मां

**पानीपत।** पानीपत से गुजर रही दिल्ली पैरलल नहर में 22 वर्षीय कुसुम पत्नी मोहम्मद अली ने अपने डेढ साल के पुत्र मोहम्मद अनास के साथ कूद गई। वहीं राहगिरों में कई लोग नहर में कूद गए और उन्होंने कुसुम व अनास को नहर से बाहर निकाला। राहगिरों ने दोनों को पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि कुसुम ने घरेलू कलह के चलते मानसिक रूप से परेशान थी, इसके चलते वह पुत्र के साथ नहर में कूद गई थी।

# कुरुक्षेत्र में आग लगने से चार झुग्गी झोपड़ियां जलकर राख

## बच्चों समेत झुग्गियों में रह रहे परिवारों के सभी सदस्य सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मंगलवार दोपहर थीम पार्क के समीप झुग्गियों में लगी आग के दौरान तमाम घरेलू सामान सहित 4 झुग्गी-झोपड़ियां जलकर खाक हो गईं। बच्चों समेत झुग्गियों में रह रहे परिवारों को ही सुरक्षित निकलने का समय मिल गया। जिससे किसी जान का नुकसान नहीं हुआ। फायर ब्रिगेड ने आकर जब तक आग पर काबू पाया घरेलु सामान समेत झुग्गियां स्वाह हो चुकी थी। गरीब परिवारों ने प्रशासन से उनके नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है।

- गरीब परिवारों ने प्रशासन से उनके नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की

जानकारी मुताबिक छठी पातशाही गुरुद्वारा के समीप खाली पड़ी जगह में मजदूरों के करीब 8-9 परिवार झुग्गी झोपड़ी डालकर गुजर-बसर कर रहे थे। दोपहर करीब 11 बजे झुग्गी झोपडी में आग लग गई। आग से 4 झुग्गी झोपड़ी जलकर राख हो गई।


कुरुक्षेत्र। आग से जला सामान। फोटो : हरिभूमि

### शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग

शॉर्ट सर्किट के कारण लगीदमकल केंद्र की टीम ने आग को कड़ी मशक्कत के बाद काबू किया। आग में सारा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही कि कोई जानी नुकसान नही हुआ। बताया जाता है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। प्रत्यशदर्शियों के अनुसार झुग्गियों के समीप बिजली के खंबे पर लगे मीटर में जोर से ब्लास्ट हुआ जिससे चिंगारी निकली और झुग्गियों ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दमकल केंद्र की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू किया।

# पानीपत के सिविल अस्पताल में खुलेगा जन औषधि केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के सिविल अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए सिविल अस्पताल के अंदर ही सस्ती दवाइयां मिलेगी। ये दवाएं सिविल अस्पताल से बाहर स्थित मेडिकल स्टोरों पर बिकने वाली दवाइयों के मुकाबले 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती होगी। सस्ती दवाएं मिलने से रोगियों व इनके परिजनों को आर्थिक रूप से काफी राहत मिलेगी।

- रोगियों को केंद्र पर बाजार के मुकाबले 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती दवाइयां मिलेगी

स्मरणीय है कि प्रदेश सरकार के वेयरहाउस में बहुत सी दवाओं का स्टॉक समय पर नहीं आता और दवाओं की कमी बनी रहती है। इसके चलते सिविल अस्पताल के दवा केंद्र में रोगियों को 30 फीसदी दवाएं नहीं मिल पाती। इस कारण रोगियों को मजबूरन सिविल अस्पताल के बाहर स्थित मेडिकल स्टेरों से बाजारी रेट पर दवाइयां खरीदनी पड़ती है। सिविल अस्पताल में आने वाले रोगियों को सस्ती व गुणवत्ता वाली दवाइयां मिल सके इसके लिए पानीपत के सिविल अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक में जन औषधि केंद्र खोला जाएगा।




### स्वास्थ्य विभाग ने केंद्र के नाम से किया पेनकार्ड अप्लाई

स्वास्थ्य विभाग के चीफ फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने केंद्र के नाम से पेनकार्ड अप्लाई कर दिया। फिलहाल ओपीडी ब्लॉक में इस जन औषधि केंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए कागजी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इधर, डिप्टी एमएस डॉ. अमित पोरिया ने बताया कि सिविल अस्पताल में खुलने जा रहे जन औषधि केंद्र पर रोगियों को उनकी उम्मीद से भी सस्ती दवाइयां मिलेगी। वही, जन औषधि केंद्र का संचालन जिला अस्पताल प्रबंधन की देखरेख में किया जाएगा। ऐसी ही यहां पर 300 से ज्यादा प्रकार की दवाइयां मरीजों को सस्ती रेट पर दी जाएगी। वैसे तो मरीजों को अस्पताल में फ्री में ही दवाइयां मिलती हैं, जो दवा उपलब्ध नहीं होगी वो बाहर के मेडिकल की बजाय अब जन औषधि केंद्र से ले सकेंगे।

# यमुनानगर: हवालात में बंद आरोपी होमगार्ड को धक्का देकर हुआ फरार

## आरोपी ने पेट दर्द का बनाया था बहाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बूडिया गेट चौकी की हवालात में बंद विजय नगर कालोनी निवासी अनिल कुमार होमगार्ड को धक्का देकर फरार हो गया। आरोपी ने पेट दर्द का बहाना बनाया था।

बूडिया गेट चौकी के मुख्य सिपाही किरण चंद ने बताया कि उन्होंने मोबाइल चोरी के आरोप में विजय नगर कालोनी निवासी अनिल कुमार को गिरफ्तार किया गया था। उसे चौकी की हवालात में बंद कर दिया गया था। जिसकी निगरानी के लिए होमगार्ड मनोज कुमार को नियुक्त किया था। इसी दौरान आरोपी ने पेट में दर्द होने की बात कहकर जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। होमगार्ड मनोज कुमार ने हवालात का ताला खोलकर उसे उठाने लगा तो उसने एकदम से धक्का दे दिया। जिससे होमगार्ड नीचे गिर पड़ा। इतने में आरोपी अनिल कुमार वहां से भाग निकला। होमगार्ड से पुलिस चौंकी में मौजूद अन्य कर्मचारियों को आवाज लगाई, जब तक कर्मचारी आए आरोपी वहां भाग चुका था। पुलिस टीमों ने उसकी इलाका में तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं लगा।



### सुराग नहीं लगा

उधर, चौंकी इंचार्ज अजय कुमार का कहना है कि अभी आरोपी का कोई सुराग नहीं लगा है। आरोपी की तलाश के लिए टीम लगी हुई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एशियाई मास रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए गुरवंश रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

एसोसिएशन ऑफ ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स हरियाणा की तरफ से गुरवंश सिंह अरोड़ा को उज्बेकिस्तान में आयोजित होने वाली एशियाई मास रेसलिंग चैंपियनशिप 2024 के लिए रवाना किया गया। एसोसिएशन के महासचिव सतविंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 मई से 20 मई तक उज्बेकिस्तान में 6 दिवसीय एशियाई मास रेसलिंग चैंपियनशिप आयोजित की जानी है जिसमें हरियाणा की ओर से भी एक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिन्होंने नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया था जिनकी रवानगी के लिए एसोसिएशन ऑफ ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स हरियाणा की तरफ से एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के स्टेट प्रेसिडेंट राकेश खुराना ने की। राकेश खुराना ने खिलाडी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में क्षेत्र का खेलों में प्रतिनिधित्व करना ना केवल खिलाड़ियों के लिए गर्व की बात है बल्कि पूरी एसोसिएशन के लिए हर्ष का विषय है और इस चैंपियनशिप के लिए उन्होंने खिलाडी से अपना शत-प्रतिशत देने की अपील की।

- एसोसिएशन ऑफ ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स हरियाणा की तरफ से एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया


लाडवा। गुरवंश सिंह अरोड़ा को उज्बेकिस्तान में आयोजित होने वाली एशियाई मास रेसलिंग चैंपियनशिप 2024 के लिए रवाना करते एसोसिएशन के सदस्य।

### रवानगी से पहले सभी का आशीर्वाद लिया

एसोसिएशन के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन अमित सिंघल ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस खेल को सरकार की खेल नीति में शामिल कराने के लिए उनकी एसोसिएशन प्रयासरत है ताकि इस खेल को खेलने वाले खिलाड़ियों को फायदा मिल सके। खिलाड़ी गुरवंश सिंह अरोड़ा ने रवानगी से पहले सभी का आशीर्वाद लिया और ईमानदारी से खेल के लिए अपना शत प्रतिशत देने का वादा किया। इस अवसर पर कोच अमित धारीवाल को भी एसोसिएशन की तरफ से नेशनल रेफरी का लाइसेंस व नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

# पर्स छीनने के मामलें में दो दोषियों को कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला एवं सत्र न्यायाधीश शालिनी नागपाल की कोर्ट ने रेलवे कर्मचारी श्रीराम का पर्स छीनने वाले दोषियों पुराना हमीदा निवासी बंटी को छह साल तथा काका को पांच साल की सजा सुनाई गई है। दोनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना भी गलाया गया है। जुर्माना न भरने पर दोनों आरोपियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

- एक दोषी को छह साल तो दूसरे को पांच साल की सजा, दोनों को 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाया

जानकारी के अनुसार रेलवे कर्मचारी श्रीराम ने नौ जून 2023 को फर्कपुर पुलिस को शिकायत दी थी कि वह सुबह करीब 11 बजे साइकिल पर विष्णु नगर से रामनगर अपने घर जा रहा था। रेलवे कॉलोनी में बाइक सवार दो युवकों ने उसे रोका और रामनगर का पता पूछने लगे। जब वह आरोपी युवकों को पता बताने लगा तो दोनों से उसकी कमीज की जेब में रखा पर्स छीन लिया और मौके से फरार हो गए थे। पर्स में 3600 रुपये, आधार कार्ड, पैन कार्ड और रेलवे कार्ड था। पुलिस ने इस केस में पुराना हमीदा निवासी काका और बंटी को हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों से श्रीराम से छीनी कई नकदी और कार्ड बरामद कर लिए थे। तब से यह मामला कोर्ट में चल रहा था।

# प्रो. दलीप के सिर सजा कुटा का ताज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के चुनावों में प्रो. दलीप कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी डा. विवेक गौड को 2 वोटों से हराया। उन्होंने 120 वोट हासिल किए हैं, जबकि डा. विवेक गौड ने 117वोट प्राप्त किए हैं। चुनाव में प्रधान पद के उम्मीदवार डा. ज्ञान चहल ने 92 वोट हासिल किए हैं। प्रदेश के सबसे मजबूत विश्वविद्यालय शिक्षक संघों में शुमार कुवि शिक्षक संघ का चुनाव मंगलवार को काफी रोमांचक रहा। चुनाव में सचिव पद पर डा. राजपाल ने 20 वोटों से जीत दर्ज की। डा. राजपाल को 171 व डा. विजय कुमार को 151 मत मिले। वहीं उप प्रधान पद पर डा. दीपक राय ने 74 मतों से जीत दर्ज की। डा. दीपक राय को 196 व डॉ. मोहिंद्र सिंह को 122 मत मिले। संयुक्त सचिव पद पर डा. मनीषा संधु ने 107 मतों से जीत दर्ज की। डा. मनीषा संधु को 215 व डा. विवेक कुमार को 108 मत मिले। चुनाव निर्वाचन अधिकारी कृष्ण पांडे व सह निर्वाचन अधिकारी प्रताप ने ने बताया कि चुनाव में 324 शिक्षक मतदाता प्रत्याशियों ने मत का प्रयोग किया। कोषाध्यक्ष पद के लिए डा. सतीश कुमार को निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुना गया है। कुवि शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित प्रधान प्रो. दलीप कुमार ने कहा कि शिक्षकों ने उन पर पर विश्वास जताया है। उन्होंने सभी शिक्षकों का धन्यवाद किया। प्रो. दलीप ने कहा कि उनका लक्ष्य कुटा के सम्मान को बढ़ावा देना है और शिक्षक हितों के लिए कार्य करना है। कहा कि शिक्षकों की मांगों को प्रदेश सरकार और कुवि प्रशासन के सामने जोरदार तरीके से उठाया जाएगा।

- प्रतिद्वंदी डा. विवेक गौड को 2 वोटों से हराया



कुरुक्षेत्र। नवनिर्वाचित प्रधान प्रो. दलीप कुमार व कार्यकारिणी। फोटो : हरिभूमि

# नहर से मिला लापता ट्रांसपोर्टर का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


ट्रांसपोर्टर गगनदीप सिंह की फाइल फोटो।

- परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

बहादुरगढ़ से लापता एक ट्रांसपोर्टर का शव अंबाला नहर स्थित नहर से मिला है। मृतक के सिर व शरीर पर चोटों के निशान पाए गए हैं। परिवार के लोगों ने युवक की हत्या कर शव को नहर में फेंकने की आशंका जताई है। ट्रांसपोर्टर 6 दिन पहले से घर से लापता था। पंजाब पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। पंजाब के बहादुरगढ़ के मृतक गगनदीप सिंह (33) के भाई शरणजीत ने बताया कि उसका भाई ट्रांसपोर्टर था और खुद भी कभी कभी ड्राइवरी का काम कर लेता था। 6 मई को वह गैस प्लांट से सिलेंडर लोड कर गाड़ी में पौंटा साहिब गया था। 8 मई को वापस लौटा था और प्लांट की पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने के बाद बाइक पर घर आ रहा था कि रास्ते में से ही लापता हो गया था। पहले तो अपने स्तर पर तलाश करते रहे और फिर घनौर थाना पुलिस को शिकायत की थी। शरणजीत ने बताया कि 8 मई की रात को जब उसका भाई घर नहीं आया तो हमने उसकी काफी जगह तलाश की। जिसके बाद 9 मई को ही पंजाब में नहर के पास से मिली थी।

## किसान संगोष्ठी

### करनाल में किसान संगोष्ठी का किया आयोजन, प्रगतिशील किसानों ने लिया हिस्सा

### प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहन दिया

# समर फाउंडेशन के बैनर तले देशभर के प्रसिद्ध वैज्ञानिक खोजेंगे किसानों की समस्याओं के समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

समर फाउडेशन के बैनर तले मंगलवार को सेक्टर 12 स्थित जाट भवन में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर आईसीएआर के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जनरल पदमश्री डा. एमएल मदान ने विशेष तौर पर शिरकत की जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. गुरबच्चन सिंह, डा. राज गुप्ता, डा. आरके मलिक, डा. रणधीर सिंह व राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व चेयरमैन विजय सेतिया ने शिरकत की। किसान संगोष्ठी में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से आए प्रगतिशील किसानों व महिला किसानों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। किसान संगोष्ठी में पहुंचने पर महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चासंलर व समर फाउंडेशन के चेयरमैन प्रो. समर सिंह ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

- वातावरण बदलाव के चलते घटते जल स्तर एवं मिटटी के गिरते स्वास्थ को लेकर चिंता व्यक्त की गई

आईसीएआर के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जनरल पदमश्री डा. एमएल मदान ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान भाईयों को समझाने का प्रयास करना है कि किसानों को खेती से कैसे फायदा होगा, किसान सोचता है कि उसे तो फायदा हो रहा हैं।


करनाल। किसान संगोष्ठी में दीप प्रज्वलित करते मुख्य अतिथि।

### रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव पर चर्चा की

डा. राज गुप्ता ने भूमि कि उर्वरकता बढ़ाने के लिए कार्बन प्रबंधन और बायोमास बढ़ाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव पर चर्चा की। डॉ. गुरबचन सिंह ने वातावरण बदलाव के चलते घटते जल स्तर एवं मिटटी के गिरते स्वास्थ को लेकर चिंता व्यक्त की। पदमश्री डॉ. हरिओम ने प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहन दिया तथा मिटटी के स्वास्थ के लिए इसकी आवश्यकता पर बल दिया।समर फाउंडेशन के चेयरमैन प्रो. समर सिंह ने किसानों को आश्वस्त किया कि फाउंडेशन के उद्देश के तहत किसानों में क्षमता विकास तथा उत्कृष्ट तकनीकों के प्रसार के लिए काम करेगा। मौके पर डॉ. रितेश शर्मा, डॉ. जागे सिंह, स्वामी सम्पूर्णानन्द व पदमश्री महाबीर गुड्डे ने भी किसानों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रणधीर सिंह ने करते हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# उल्लेखनीय सहयोग व मार्गदर्शन के लिए बाबा सुखा सिंह कार सेवा करनाल का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सिख योद्धे व 18वी सदी में अपनी सूरवीरता से इतिहास के सुनहरी पन्नों पर नाम लिखवाने वाले महान जरनैल जत्थेदार बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया की 300वी जन्म शताब्दी के समापन समारोह में उल्लेखनीय सहयोग व मार्गदर्शन के लिए आज बाबा सुखा सिंह कार सेवा करनाल का सम्मान किया गया। बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया जन्म शताब्दी कमेटी, इंटरनेशनल सिख फोरम व शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की और से बाबा सुखा सिंह को शाल, सिरोपा व मेमेंटो भेंट कर उनका धन्यवाद किया गया। इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि जहां विगत वर्ष शताब्दी की शुरुआत के समय क्षेत्र के सभी संत महापुरुषों ने अपना सहयोग दिया था वहीं इस बार समापन समारोह बाबा जगतार सिंह कार सेवा गुरुद्वारा चिल्ला साहेब के मार्गदर्शन व सहयोग से सिरसा में आयोजित किया गया।

शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के प्रधान गुरतेज़ सिंह खालसा ने बताया कि बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया के जीवन पर आधारित लाइट साउंड ड्रामा क्रौम डा योद्धा की पूरी तैयारी व रिहर्सल बाबा सुखा सिंह की मदद से डेरा कार सेवा में लगभग चार माह तक होती रही। बाबा सुखा सिंह को धन्यवाद देने के बाद सम्मानित करने वालों में आयोजक मंडल से गुरतेज सिंह ख़ालसा, प्रीतपाल सिंह पन्नु, परमजीत सिंह बेदी, जसबीर सिंह गुलाटी, जतीन्द्र सिंह डम्पिल, सतिंदर सिंह चट्ठा, सुरजीत सिंह, मनिंदर सिंह बब्बू, बल्लिा व अन्य शामिल रहे।


बाबा सुखा सिंह कार सेवा करनाल को सममानित करते हुए।

खबर संक्षेप



## मतदाताओं को दिलाई मतदान करने की शपथ

**रादौर।** रोटरी क्लब के तत्वावधान में मंगलवार को लोकसभा चुनावों को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान क्लब पदाधिकारियों ने लोगों को मतदान करने को लेकर शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान एसएमओ रादौर डॉ.विजय परमार ने स्थानीय लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में निष्पक्ष होकर मतदान अवश्य करने की अपील की।

## व्यक्ति के खाते से निकाले एक लाख 47 हजार

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड पर इंटरनेशनल एयरपोर्ट चार्ज लगे होने की बात कहकर मॉडल टाउन निवासी विख्यात लांबा के अकाउंट से एक लाख 47 हजार रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## टास्क पूरा करने के नाम पर ठगे सात लाख रुपए

**यमुनानगर।** टास्क पूरा करने के नाम पर विष्णुनगर निवासी दीपक वर्मा को बातों में उलझा कर उसके अकाउंट से सात लाख 23 हजार रुपये निकाल लिए गए। विष्णुनगर निवासी दीपक वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके मोबाइल उसने उसे पूरा कर लिया। टास्क पूरा करने के बाद उसके अकाउंट में 150 से 200 रुपये आए। टास्क पूरा करने के बाद जब वह पैसे निकालने लगा तो वह नहीं निकले। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

## सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास


**यमुनानगर।** फेसबुक पर राजपूत गुर्जर, सिखों समेत 36 बिरादरी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपी ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया है। आरोपी द्वारा राजपूत गुर्जर व सिखों के खिलाफ फेसबुक पर अगल-अलग पोस्ट की गई है।

### दसवीं में जया मंगला और जानहवी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पाया प्रथम स्थान

# बारहवीं कक्षा में छात्र प्रवित राठौर ने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में किया टॉप

### दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर का बारहवीं व दसवीं कक्षा का सीबीएसई का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमनानगर



यमुनानगर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में दसवीं व बारहवीं कक्षा का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर स्कूल के चेयरमैन राम निवास गर्ग, प्रधानाचार्या मनीषा सिंह व स्टॉफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए बच्चे।

जगाधरी-अंबाला मार्ग स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल बंभौली(यमुनानगर) का दसवीं व बारहवीं कक्षा का सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल चेयरमैन राम निवास गर्ग समेत स्टॉफ सदस्यों ने स्कूल का उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम आने पर बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और शुभकॉमनाएं। स्कूल की प्रधानाचार्या मनीषा सिंह ने बताया कि दसवीं कक्षा के परिणामों में छात्रा जया मंगला और जानहवी अग्रवाल ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सक्षम चौहान ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा प्रज्ञा गुप्ता ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस परीक्षा परिणाम में 17 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक, 52 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 81 प्रतिशत से अधिक अंक, 75 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 71 प्रतिशत से अधिक अंक, 91 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 61 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। दसवीं बोर्ड परीक्षा में जिले में टॉप करते हुए वेदांत उमेश वरादे ने गणित में 100 अंक तथा हितांश, जानह्वी अग्रवाल, सक्षम चौहान और सहज सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स में 100 अंक प्राप्त किए। वहीं, प्रज्ञा गुप्ता ने सामाजिक विज्ञान में 99 अंक, जया मंगला ने अंग्रेजी में 98 अंक, जया मंगला ने विज्ञान में 97 अंक, जया मंगला ने फाईनेंस में 96 अंक, देव बंसल ने आईटी में 96 अंक और प्रज्ञा गुप्ता ने हिन्दी में 96 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि कुल विद्यार्थियों में से 90 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में 22 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक, 47 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 81 प्रतिशत से अधिक अंक तथा 80 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 71 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया और कक्षा बारहवीं के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन राम निवास गर्ग ने सभी बच्चों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकगण को मुबारकबाद दी और विद्यार्थियों को उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

### उत्कृष्ट रहा बारहवीं कक्षा का परिणाम

प्रधानाचार्या मनीषा सिंह ने बताया कि स्कूल का बारहवीं कक्षा के परिणाम में नॉन-मेडिकल स्ट्रीम में प्रवित राठौर ने 97.4 प्रतिशत, ह्यूमेनिटिस स्ट्रीम में रशिका दमाई ने 97 प्रतिशत अंक, मैडिकल स्ट्रीम में अनिकेत ढक्कल ने 95.8 प्रतिशत एवं कॉमर्स स्ट्रीम में वरुण बंसल ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षा में जिले में टॉप करते हुए हिंदुस्तानी संगीत में सौ अंक लेकर प्रवित राठौर व अंशिका गुप्ता ने सौ-सौ अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि विषय अनुसार अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में मेहुल बिन्द्रा व हिमेश छेत्री ने आईपी में 99 अंक, पेंटिंग में प्रैटी, एंजल, गौरी, रमन व निकिता ने 99 अंक, अतीक्ष आनंद ने इकोनॉमिक्स में 99 अंक, आरना अग्रवाल और सात्विक पुनैनी ने अंग्रेजी में 98 अंक, रशिका दमाई, प्रैटी व सान्वी गोयल ने पॉलिटिक्ल साईंस में 98 अंक, मनोविज्ञान में रशिका दमाई ने 98 अंक, रशिका दमाई व सानवी गोयल ने योगा में 98 अंक, अनिकेत ढक्कल ने बॉयोलॉजी में 98 अंक, रशिका दमाई ने सोशोलॉजी में 97 अंक, प्रवित राठौर ने गणित में 97 अंक, प्रवित राठौर ने कैमिस्ट्री में 97 अंक, वेदिका नैथनी व प्रवित राठौर ने फिजिक्स में 95 अंक, ऐंजल अग्रवाल ने बिजिनस स्टडीज़ में 95 अंक, ऐंजल अग्रवाल, कृष्णा गोयल, सुखजीत और यज्ञा पुरी ने एकाउंटेंसी में 95 अंक, वेदिका नैथानी ने फिजिकल एजुकेशन में 94 अंक और शिवम अग्रवाल ने ऑन्तरेप्रनेयोरशिप में 90 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## शत-प्रतिशत रहा एसवीवीएम पब्लिक स्कूल अलाहर का परीक्षा परिणाम



**रादौर।** एसवीवीएम पब्लिक स्कूल अलाहर का दसवीं व बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसके लिए स्कूल प्रबंधक समिति सदस्यों ने सभी बच्चों व अध्यापकों को बधाई दी। स्कूल के चेयरमैन सुरेश कांबोज व गगन कांबोज ने बताया कि कक्षा 10वीं के छात्र विप्राश ने सर्वाधिक अंक लेकर स्कूल में पहला, तन्वी ने दूसरा व दिवांग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 12वीं कक्षा में साक्षी ने सभी बच्चों से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम, वंश ने द्वितीय व आर्यन ने तृतीय स्थान हासिल किया। उन्होंने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों और अध्यापकों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



यमुनानगर। न्यू हैप्पी स्कूल में दसवीं के बच्चे उत्तीर्ण होने पर खुशी जताते हुए।

## न्यू हैप्पी स्कूल का दसवीं का परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- आरूषि ने 97 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्राप्त किया अव्वल स्थान
- उत्तीर्ण हुए बच्चों को मिठाई खिलाकर स्टॉफ ने जताई खुशी

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर(यमुनानगर) का सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। स्कूल प्रिंसीपल डॉ. बिंदु शर्मा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई और शुभकॉमनाएं दी हैं। प्रिंसीपल डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा आरुषि ने 97 प्रतिशत, शब्द रोहिल्ला ने 95, चिराग कुमार ने 94.8, कार्तिक ने 94, चिराग ने 92.6, कणिका ने 91.8, लक्षय ने 90.4, अनुज ने 90.2, शगुन देवी ने 89.8, दीक्षा राणा ने 89.6, गरिमा ने 89.6, वांशिका ने 89.4, आर्यन ने 89.4, खुशी 89, दिव्य रानी ने 88, दमनजोत कौर ने 88.4, कुशानक ने 88.4, कीर्ति ने 88.2, आदित्य मिश्रा ने 87.6, आशीष कुमार ने 86.4, आर्यन कुमार ने 86.2, निधि पांचाल ने 86, संध्या वर्मा ने 85.6, धनंजय बिन्द्रा व शौर्य चौहान ने 85.4 व साक्षी ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि इंग्लिश विषय में नियम कश्यप ने 99 अंक, आरुषि व शब्द रोहिल्ला ने 98, लक्षय ने 97, वंशिका ने 96, आदित्य मिश्रा, चिराग, चिराग कुमार, धनंजय बिन्द्र, दिव्य रानी व रिया रानी ने 95, गरिमा, यशिका व संध्या वर्मा ने 94, कार्तिक, महकप्रीत व शौर्य ने 93, दीक्षा राणा व आर्यन ने 92, कीर्ति व शगुन देवी ने 91, दिव्यान्शु ,यशिका व साक्षी ने 90 अंक प्राप्त किए। वहीं, हिंदी में आरुषि ने 96, चिराग कुमार, कणिका, कीर्ति, निताशा रानी व खुशी ने 95, पारुल, शब्द रोहिल्ला ने 94, चिराग, दिव्य रानी, गरिमा, शौर्य चौहान, आशित कुमार व आर्यन ने 93, धनंजय बिन्द्रा, निधि पांचाल व अनुज ने 92, कुशानक, अनिष्का राणा व जैसलीन कौर ने 91 व शगुन देवी ने 90 अंक प्राप्त किए। जबकि विज्ञान विषय में आरुषि ने 99, शब्द रोहिल्ला ने 95, चिराग कुमार व कुशानक ने 94, कार्तिक ने 92, दीक्षा राणा, कणिका, कीर्ति, लक्षय, वांशिका व रोहन ने 91 तथा रक्षार्थ वर्मा ने 90 अंक प्राप्त किए। गणित विषय में कार्तिक ने 97, चिराग व शब्द रोहिल्ला ने 96, आरुषि व अनुज ने 95, तृषा ने 94, आर्यन ने 92, आर्यन कुमार ने 91, दमनजोत कौर, गरिमा, कणिका व रोहन ने 90 अंक प्राप्त किए।

## मन्नत ने दसवीं में पाए 94 प्रतिशत अंक

- एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर का सीबीएसई की दसवीं कक्षा का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** एमडीवीएम पब्लिक स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का मुंह मीठा करवाते चेयरमैन अनिल कांबोज। *फोटो: हरिभूमि*

एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर का सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहने पर स्कूल के चेयरमैन अनिल कांबोज ने बच्चों का मुंह मीठा करवाकर खुशी जताई और उन्हें बधाई दी। स्कूल के चेयरमैन अनिल कांबोज ने बताया कि कक्षा 10वीं में छात्रा मन्नत ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, छात्रा महक ने 419 अंक, तनीशा ने 408 व पर्व ने 400 अंक प्राप्त कर स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। उन्होंने बच्चों का मुंह मीठा करवाकर उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कांबोज ने कहा कि स्कूल का नाम रोशन करने में मेधावी छात्रों व स्टाफ सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

## ग्लोब हेरिटेज स्कूल का शानदार रहा दसवीं का परिणाम

- स्कूल की प्रधानाचार्या व स्टॉफ सदस्यों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में मेधावी बच्चों के साथ खुशी जताते हुए स्टॉफ सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर (रादौर) का सीबीएसई द्वारा जारी दसवीं व बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला व स्टॉफ सदस्यों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई और शुभकॉमनाएं दी। प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने बताया कि उनके स्कूल के 21 बच्चों ने बारहवीं कक्षा की परीक्षा दी थी और दसवीं में 35 बच्चों ने परीक्षा दी। दसवीं व बारहवीं कक्षा के सभी बच्चों ने परीक्षा में उत्तीर्ण रहकर स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत बनाने में योगदान दिया। जिसमें बारहवीं में 10 बच्चों ने और दसवीं में भी 10 बच्चों ने मैरिट में स्थान हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया। बारहवीं कक्षा में कला संकाय में तान्या शर्मा ने 92 प्रतिशत के साथ प्रथम, कला संकाय की पूर्वशी ने 91 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, विज्ञान संकाय के शिवम व वाणिज्य संकाय के एकांशु ने 88 प्रतिशत से तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, खुशबु ने 87 प्रतिशत, जगप्रीत ने 86 प्रतिशत, निखिल ने 83 प्रतिशत, विनय ने 80 प्रतिशत, हरप्रीत ने 79 प्रतिशत व चिरायु ने 75 प्रतिशत अंक हासिल किए। जबकि कक्षा दसवीं में रमनदीप कौर ने 91 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम, तनीषा ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व तनवी ने 86 प्रतिशत अंक हासिल करके तृतीय स्थान हासिल किया। इनके अलावा मैरिट पाने वाले विद्यार्थियों में परनीत ने 86 प्रतिशत, महक ने 85 प्रतिशत, सिया मेहता ने 83 प्रतिशत अंक हासिल किए। स्कूल की प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल, महासचिव संजीव अग्रवाल, सारिका अग्रवाल आदि ने बच्चों को बधाई दी।

## मतदान केन्द्र पर बूथ करें स्थापित: शर्मा

- जिला निर्वाचन विभाग द्वारा पीठासीन अधिकारियों व सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन
- शिविर में मुख्यातिथि के रुप में बिलासपुर के एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने लिया भाग



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित शिविर में चुनाव से जुड़े अधिकारियों को मतदान की प्रक्रिया का प्रशिक्षण देते ट्रेनर। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला निर्वाचन विभाग द्वारा लोकसभा चुनाव में लगे पीठासीन अधिकारियों व सहायक पीठासीन अधिकारियों समेत चुनाव से जुड़े कर्मचारियों के लिए मंगलवार को शहर के डीएवी गर्ल्स कॉलेज में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं बिलासपुर के एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने किया। मौके पर चुनाव से जुड़े अधिकारियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया और उन्हें ईवीएम मशीन के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। एसडीएम ने कहा कि पोलिंग एजेंटों के सामने मॉक पोल करवाकर एजेंटों की संतुष्टि करवाना व उनके हस्ताक्षर करवाकर मतदान की प्रक्रिया शुरू करवानी अनिवार्य है। चुनाव आयोग के अनुसार किसी मतदान केन्द्र पर मॉक पोल नही होता है तो ऐसी स्थिति में मतदान नहीं माना जाएगा और वहां रिपोल होगा। मॉक पोल की प्रक्रिया अमल में लाने के बाद पीठासीन अधिकारी को इसका सर्टिफिकेट भी देना अनिवार्य है। सभी पीठासीन अधिकारी चुनाव से एक दिन पहले अपने अपने मतदान केन्द्र पर पहुंच कर बूथ को स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे।



## रिंपी सैनी बने ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के जिलाध्यक्ष

**रादौर।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की ओर से रिंपी सैनी को जिला अध्यक्ष बनाए जाने का समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी ने सरपंच रिंपी सैनी को पटका पहनाकर कार्यभार सौंपा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रिंपी सैनी ने कहा कि संस्था ने उनको जो जिम्मेवारी दी है, वह उसको पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभायेंगे। वह समाज के उत्थान के लिए अधिक से अधिक मेहनत के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने अपनी नियुक्त के लिए संस्था के उच्च पदाधिकारियों का हार्दिक आभार प्रकट किया। मौके पर प्रदेश सचिव संदीप सैनी, गुरनाम सैनी, श्याम सैनी, सोनू सैनी, नवनीत सैनी, विनोद सैनी आदि मौजूद रहे।

## सुमित गुप्ता को अवार्ड से किया सम्मानित

- अवार्ड सेरेमनी का नई दिल्ली के ली मेरीडियन होटल में हुआ आयोजन
- कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में फिल्म अभिनेता चंक्की पांडे ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** उद्योगपति सुमित गुप्ता व उनके बेटे आरित गुप्ता को अवार्ड देकर सम्मानित करते मुख्यातिथि चंक्की पांडे। *फोटो: हरिभूमि*

शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी सुमित गुप्ता व उनके बेटे आरित गुप्ता को जेएसवी एक्स.डी.एक्स.एम. आर बोर्ड के इंपोर्ट व एक्सपोर्ट की ग्रोथ के लिए एमएसएमई अवार्ड से सम्मानित किया गया है। अवार्ड सेरेमनी का आयोजन नई दिल्ली के मेरीडियन होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में फिल्म अभिनेता चंक्की पांडे ने भाग लिया। उद्योगपति सुमित गुप्ता ने बताया कि उन्हें यह अवार्ड उनकी कंपनी जंबो सुपर विनियर में जेएसवी एक्स.डी.एक्स.एम.आर बोर्ड के इंपोर्ट और एक्सपोर्ट की ग्रोथ के लिए मिला है। सुमित गुप्ता ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2017 में इस कंपनी की शुरुआत की थी और अब वह विभिन्न देशों से प्लाईवुड,एमडीएफ आदि इंपोर्ट करते हैं। वहीं वह कई देशों में एक्सपोर्ट भी करते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे भारत में भी उनके ब्रांड जेएसवी के डीलर हैं।



## विद्यार्थियों को फार्मासिस्ट बनने की जटिल प्रक्रिया से करवाया अवगत

**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन(रादौर) में फार्मासिस्टों के लिए कैरियर विषय पर ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक एवं सीईओए संस्थापक अकरम अहमद ने विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन किया। सीईओए संस्थापक अकरम अहमद ने कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में एक पंजीकृत फार्मासिस्ट बनने की जटिल प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को विदेश में सफल कैरियर स्थापित करने की बारीकियों के बारे में व्यापक ज्ञान प्रदान किया। उनकी विशेषज्ञता ने फार्मासिस्टों के लिए उपलब्ध कैरियर मागोंर् पर प्रकाश डाला। मौके पर वेबिनार की इंटरेक्टिव प्रकृति को प्रश्नोत्तर सत्र द्वारा और समृद्ध किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अश्वनी ढींगरा ने कॉलेज के लिए बहुमूल्य समय देने के लिए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कॉलेज के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने छात्रों में छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और आत्म सम्मान को बढ़ावा देने में इस तरह के वेबिनार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा भविष्य में भी इसी तरह की पहल जारी रहेगी।

### महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में नशा व भ्रष्टाचार विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

# नशा वर्तमान में देश की सबसे बड़ी समस्या: डॉ. निर्मल

- मुख्यातिथि के रुप में प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. निर्मल सिंह व धीमान समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष तिलक राज धीमान ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में प्रिवेंशन टीम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित करते आयोजक।

एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन के तत्वावधान में जगाधरी के महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में भ्रष्टाचार व नशा मुक्त विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. निर्मल सिंह व धीमान समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष तिलक राज धीमान ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में पंजाबी सिनेमा की अदाकारा निशा बानो, समीर, स्टैंड अप कॉमेडियन सिराज खान, गायिका जस मायरा, प्रीत, सोहताश, जूनियर अमिताभ बच्चन व जूनियर जसपाल भट्टी गुरमीत चावला मौजूद रहे। मुख्यातिथि एवं प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि आज देश भर में नशा और भ्रष्टाचार तेजी से अपनी जड़ें फैलाता जा रहा है। वर्तमान में नशा और भ्रष्टाचार देश की सबसे बड़ी समस्या बन गया है। इस समस्या को दूर करने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। उन्होंने एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन टीम की कार्यक्रम का आयोजन करने और नशा व भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुहिम चलाने के लिए सराहना की। डॉ. निर्मल सिंह व तिलक राज धीमान ने कहा कि आज समाज में ऐसे ही लोगों की जरूरत है जो कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध खड़े हो सकें।

### भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना जरूरी

प्रिवेंशन टीम के राष्ट्रीय अध्यक्षक मित मनकट तथा सुरेश गर्ग ने कहा कि नशे के विरोध में तथा समाज से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए हमें 24 घंटे तैयार रहना है। पुलिस प्रशासन की मदद से नशे पर वह भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का उनका प्रयास है । जो कि देश के अलग अलग राज्यों में भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को पैगाम अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। ताकि उनका मनोबल और हौसला बढ़ता रहे और वह इसी तरह समाज में कार्य करते रहें। इस अवसर पर कलाकारों ने नाटक व विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को नशा व भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए जागरुक किया। मौके पर सेलिब्रिटी गेस्ट निशा बनो द्वारा सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने आहवान किया कि हम सभी को समाज से नशे और भ्रष्टाचार को खत्म करना है। इस अवसर पर गौरव भंडारी, कोमल ओबेरॉय, राजेश मस्कारा व पूर्व सीएमओ डॉक्टर विजय दहिया आदि मौजूद रहे।

शिविर में 24 लोगों ने करवाई जांच

# रोटरी क्लब ने लगाया मधुमेह की दिक्कतों का जांच शिविर




**शाहबाद।** कैंप में जांच करते चिकित्सक।

## शिविर में नि:शुल्क शुगर का टेस्ट, आंखों के पर्दे की जांच, न्यूरोपैथी, नेफ्रोपैथी टेस्ट हुए

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद**

रोटरी क्लब द्वारा सिद्धार्थ हस्पताल में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में माइक्रो लैब्स लिमिटेड, सिपला और डॉक्टर रेड्डी कम्पनी लिमिटेड द्वारा निशुल्क शुगर का टेस्ट, आँखों के पर्दे की जांच, न्यूरोपैथी, नेफ्रोपैथी, मुफ़्त किये गए। ये टेस्ट बाजार में तकरीबन 6500 रूपए के होते है। इन सभी टेस्टों को रोटरी क्लब, शाहाबाद द्वारा डॉक्टर रेड्डी कम्पनी लिमिटेड के सहयोग से मुफ़्त में करवाये गए। इन सभी टेस्टों की रिपोर्ट्स के बाद मरीजों को इन दिक्कतों के बारे में सजग किया गया और आगे के इलाज के बारे में बताया गया। यह टेस्ट रोटेरियन डॉ. दीपक शर्मा की देखरेख में किया गया। इसमें 124 मरीजों के निशुल्क टेस्ट किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत रोटरी प्रधान रो. आशुतोष गर्ग द्वारा की गई तथा उन्होंने आए हुए सभी मरीजों को अपने आपको स्वस्थ रहने के लिए कहा। प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. डॉ दीपक शर्मा और रोटरी प्रधान आशुतोष गर्ग ने बताया कि रोटरी क्लब, शाहाबाद मारकंडा द्वारा समय समय पर जरूरतमंद लोगों के ऐसे निशुल्क कैंप लगाए जाते हैं। उन्होंने मधुमेह की दिक्कतों के टेस्ट के बारे में जानकारी दी और मरीजों को समय समय पर हेल्थ चेकअप करवाने की सलाह दी। इस अवसर पर रोटरी क्लब सदस्य राजीव कालड़ा कैशियर, साहिल सिंगला अधिवक्ता, विक्रम गुप्ता, संदीप ऋषि गुप्ता, आरडी गुप्ता, डॉ आर एस घुमन, अंशुल बंसल, विजय कालड़ा, डॉ पीयूष अग्रवाल, अंकुर सिंह रतनगढ़, सतविंदर सिंह गाबा, डॉ अभिषेक ढींडसा, प्रवीन गर्ग, विपुल गुप्ता, अक्षय कक्कड़, नवीन शर्मा लैब टेक्निशयन डॉक्टर रेड्डी कम्पनी से पंकज ओबेरॉय, विष्णु यादव और हैप्पी सिंह तथा हस्पताल स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण आयुष विवि ने लगाया फ्री चिकित्सा जांच कैंप

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र**

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा मंगलवार को गांव कलाल माजरा में फ्री चिकित्सा जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 150 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई और निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। गांव कलाल माजरा के सरपंच कुलदीप कुमार और चिकित्सालय उप-अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र सहरावत द्वारा भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र सहरावत द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति और होम्योपैथी चिकित्सा के गुणों से ग्रामीणों को अवगत करवाते हुए कहा कि आयुर्वेद अनुसार अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो वह रोग मुक्त जीवन यापन कर सकता है। दरअसल रोगों का सम्बन्ध हमारे विकृत खान-पान जीवन शैली से होता है। अगर आयुर्वेद सिद्धांत के अनुसार ऋतुओं के अनुकूल खानपान व आध्यात्मिक जीवन शैली अपनाते हैं तो रोग ग्रस्त होने की संभावना कम होती है। सरपंच कुलदीप कुमार ने श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के सभी डॉक्टरों और पीजी स्कॉलर का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि आयुर्वेद भारत देश की चिकित्सा पद्धति है, जिसके किसी भी तरह के दुष्परिणाम नहीं होते। निश्चित रूप से इस कैंप का लाभ ग्रामीणों को जरूर मिलेगा। उन्होंने भविष्य में भी ग्रामीणों के स्वास्थ्य लाभ हेतु चिकित्सा कैंप लगाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ. कुलजीत कौर व पीजी स्कॉलर मौजूद रहे।




**कुरुक्षेत्र।** कैंप में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

# दलितों- पिछड़ों का हक छीनकर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है कांग्रेस : सत्यप्रकाश




**कुरुक्षेत्र।** पटौदी से विधायक एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र लोकसभा के गांव बदरपुर, विधानसभा लाडवा में पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल को भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील की कि पूर्व सांसद नवीन जिंदल के पक्ष में इतना मतदान करें कि हरियाणा में सबसे बड़ी जीत कुरुक्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी की हो। सभी मिलकर कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी नवीन जिंदल को ऐतिहासिक जीत दिलाएंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। इस बार भाजपा देश में 400 पार और प्रदेश में दूसरी बार सभी 10 सीटो पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है। इसके अलावा उन्होंने भाजपा की नीतियों का प्रचार करते हुए आने वाले 25 मई के लोकसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन में मतदान करने की अपील भी की। जरावता ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की मंशा दलितों-पिछड़ों का आरक्षण खत्म करके मुसलमानों को देना चाहती है। संविधान के साथ धोखा गांधी परिवार ने किया है। उन्होंने कहा कि संविधान बनने के बाद सबसे पहले पंडित नेहरू ने संविधान बदला उन्होंने ही सबसे पहले संविधान संशोधन किया और फ्रीडम ऑफ स्पीच को रेसट्रिक्ट किया फिर उनकी बेटी इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगा दिया, कोर्ट के जजमेंट को नकार दिया उनका चुनाव रद्द हो चुका था कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल पाली, पूर्व विधायक बंताराम बाल्मीकि ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष श्री सुलतान अरजाना, जिला महामंत्री गुरदीप बेदी, जयभगवान नानगल, मण्डल अध्यक्ष धर्मबीर सरंपच बदरपुर कार्यक्रम आयोजक व मंडल अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेड़ जितना बड़ा उतना ही अधिक फल देने वाला : संत प्रकाश

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| लाडवा**

पंजाब मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संत प्रकाश ने लाडवा के बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम का दौरा किया। संस्था के सचिव अनुज गोयल ने बताया कि न्यायमूर्ति संत प्रकाश का बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम लाडवा से बड़ा लगाव है और वे समय-समय पर यहां आकर बुजुर्गों की सेवा करते हैं। आज उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों का हालचाल पूछा और उनके स्वास्थ्य व मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। वृद्धाश्रम की प्रबंधन समिति के सदस्यों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पेड़ जितना ज्यादा बड़ा होता है वह उतना ही अधिक दूसरों को फल देने वाला होता है। यही बात समाज के उस वर्ग के साथ भी लागू होती है जिसे आज कुछ बच्चे बूढ़ा कहकर वृद्धाश्रम में



**लाडवा।** पंजाब मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संत प्रकाश को सम्मानित करते वृद्ध आश्रम के सदस्य।

छोड़ देते हैं। वह लोग भूल जाते हैं कि अनुभव का कोई दूसरा विकल्प दुनिया में है ही नहीं। इससे पहले बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम के पदाधिकारियों द्वारा न्यायमूर्ति संत प्रकाश का स्वागत किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर सुरेश कंसल, मदनलाल गोयल, अनुज गोयल, राजकुमार सैनी, संजय सिंगला, वीरेंद्र सिंघल, कुंवर सिंघल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# बैरागी धर्मशाला में लगाया जूस का लंगर

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र**



कुरुक्षेत्र। लंगर की सेवा करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा बैरागी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में मंहत प्रेमदास की राज्य स्तरीय जयंती के उपलक्ष्य पर रियल जूस का विशाल भण्डारा दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैरागी समाज के प्रधान व प्रमुख समाजसेवी डाक्टर रामगोपाल मित्तल द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय धर्मशाला के निर्माण में महंत प्रेमदास जी का बहुत बड़ा योगदान है। समाज के प्रति उनके योगदान को मापा नहीं जा सकता है। उन्होंने बैरागी समाज को एकसूत्र में बांधने का काम किया। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा कि मंहत प्रेमदास जी को उनकी जयंती पर हम सब कोटि-कोटि नमन करते है ।

# आरसेटी का उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान (आरसेटी) के निदेशक राय सिंह ने कहा कि पीएनबी आरसेटी द्वारा 7 मई से 27 मई 2024 तक जिले के सभी ब्लॉकों में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में आरसेटी के संकाय सदस्यों द्वारा विभिन्न गांवों का दौरा करके युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने बारे जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि शाहाबाद ब्लॉक के गांव लंडी में 15 मई को को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसी प्रकार थानेसर ब्लॉक के गांव बिशनगढ़ में 17 मई को, हथीरा में 18 मई को, भवानी खेड़ा में 22 मई को कार्यक्रम होंगे। पिहोवा ब्लॉक के गांव सरस्वती खेड़ा में 20 मई को शाहाबाद ब्लॉक के गांव डोडा खेड़ी में 27 मई को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## 48 विषयवार मेरिट तथा 27 विद्यार्थियों का परिणाम सराहनीय

# नवयुग स्कूल का दसवीं का परिणाम रहा शानदार

- 7 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट में स्थान पाया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र**



1981 में स्थापित नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सीबीएसई द्वारा घोषित दशम कक्षा के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। दशम कक्षा में 48 विषयवार मेरिट तथा 27 विद्यार्थियों का परिणाम सराहनीय रहा। 7 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट में स्थान पाया। 11 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक, 17 ने 65 प्रतिशत से अधिक एवं 27 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वंशिका रानी 436 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 434 अंक लेकर वंशिका गिरधर व आस्था द्वितीय एवं 426 अंक लेकर शिवानी तृतीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य व अध्यापकों ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाई। प्रबंधक समिति के निदेशक बी. डी. गाबा ने विद्यार्थियों को व उनके परिवारों को बोर्ड परीक्षा उतीर्ण करने की हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर एडमिनिस्ट्रेटर इन्जि. विकास, प्रधानाचार्य डॉ देवेंद्र अरोड़ा उप-प्राचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा आदि मौजूद थे।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate : Naveen Jindal, H No. 1, Jindal House, Mohan Nagar, Kurukshetra

Name of political party : Bharatiya Janata Party
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : House of People

*Name of Constituency : 02-Kurukshetra

I Naveen Jindal (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC | CC No. 248/2019 (Erstwhile CC No. 44/2016 Old No. CC No. 03/2015 in RC No. 219 2013 E 0006)<br>FIR dated 10.06.2013 | The matter is listed for further prosecution evidence on 13-17th May 2024 | In relation to the allocation of Amarkonda Murgadangal Coal block to the Company, CBI had filed a charge sheet bearing CC No. 44/2016 Old No. CC No. 03/2015 in RC No. 219 2013 E 0006. The Special Judge passed orders on charge on 29.04.2016 &13.07.2018 and vide order dated 16.08.2018 has framed charges u/s 420 IPC, & 120-B/420 IPC and u/s 7, 12 and 13 (1)(d) P.C. Act against all accused persons. |
| 2. | Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC | CR Case No. 1/2019<br>(Erstwhile CRC No. 8/2018 in ECIR No. 12/ DLZO/2014) ECIR dated 11.04.2014 | The matter is now listed on 06.07.2024 for submission on the supplementary complaint in the present case. | In relation to the allocation of Amarkonda Murgadangal Coal to the company, the ED had filed a complaint bearing CRC No. 08/18. |
| 3. | Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC | CC No. 314/2019 (Old CC No. 13/2017) In RC No. 2019 2015 E-0004<br>FIR dated 22.04.2015 | Further proceedings pending before the Special Judge, (PC Act) (CBI), Rouse Avenue Court Complex, New Delhi Court has been stayed by the Hon'ble Supreme Court vide order dated 23.08.2022. In view of the aforesaid order, the matter is listed on 04.06.2024 awaiting further directions from the Hon'ble Supreme Court. | In relation to the allocation of the Urtan North coal block to the company, CBI had filed a charge sheet bearing number CC No. 13/2017 in RC No. 2019 2015 E-0004. The Special Judge vide its order dated 25.07.2019 has framed charges u/s 420 IPC & 120-B/420 IPC against all accused persons. Thereafter, CBI filed an application for further investigation and the Ld. Special Judge vide its order dated 23.12.2019 has permitted CBI to carry out further investigation. |
| 4. | Enforcement Directorate | F. No. ECIR/15/ DLZO/2015/AD / VM | Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement and the matter is pending investigation since 2015 | Notice in relation to investigation being made under the provisions of the Prevention of Money Laundering Act, 2002 by Directorate of Enforcement in respect to Urtan North Coal block. |
| 5. | CBI | RC No. 221 2014 E 0018 FIR dated 18.10.2014 | Pending investigation since 2014 | The present FIR has been registered by the CBI/EO-III, against (i) M/s Jindal Strips Limited (presently Jindal Steel and Power Ltd.). and other unknown Public servants under sections 120-B r/w 409 & 420 IPC and 13(1)(c), r/w 13(1)(d) of Prevention of Corruption Act, 1988 in connection with the allotment of Gare Palma IV/1 Coal block in Chhattisgarh to M/s Jindal Steel and Power Ltd. |
| 6. | Enforcement Directorate | F. No. ECIR/24/ DLZO/2014/AD / VM | Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement and the matter is pending investigation since 2014 | Notice have been received from the Directorate of Enforcement with regard to an investigation being made under the provisions of the Prevention of Money Laundering Act, 2002 in respect to Gare Palma IV/1 Coal block. Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement. |
| 7. | Adjudicating Authority (PMLA) Room No. 26, 4th Floor, Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi | Original Complaint No. 1601/2022<br>Complaint dated 17.1.2022 | As per the order dated 22.3.2022 in the Writ Petition (C) 4604/2022 the Hon'ble High Court of Delhi has ordered that no proceedings before Adjudicating Authority till the next order. | Pursuant to Provisional Order No. 10/22 in ECIR No. 24/DLZO/2014, the Enforcement Directorate filed the present complaint U/s 5(5) of PMLA, 2002 seeking confirmation of Provisional Attachment Order of Rs. 58,00,75,194.00 |
| 8. | Adjudicating Authority (PMLA) Room No. 26, 4th Floor, Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi | Original Complaint No. 1514/2021<br>Complaint dated 26.8.2021 | The Court vide order dated 04.10.2021 directed that proceedings before the Adjudicating Authority goes on but no final order to be passed. The matter is now listed on 03.09.2024 for further proceedings | Pursuant to Provisional Order No. 04/2021 in ECIR No. 12/DLZO/2014, the Enforcement Directorate filed the present complaint U/s 5(5) of PMLA, 2002 seeking confirmation of Provisional Attachment Order of Rs. 59,34,21,420.00 |
| 9. | Smt Arjinder Kaur, Tis Hazari Court, New Delhi MM-6 (C)/THC/Delhi | Ct. Case No. 14584/2018<br>Complaint dated 24.7.2018 | The Hon'ble Delhi High Court in Cr. M.C. No. 5192/2022, vide order dated 12.10.2022 has stayed further proceedings before the Ld. MM in the Ct. Case No. 14584/2018 till further orders. | A private criminal has been filed and the summons have been issued for offences U/s 323/506/120-B of IPC against the accused. |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
|---|---|---|---|
| 1 | NIL | NIL | NIL |
| 2 | NIL | NIL | NIL |
| 3 | NIL | NIL | NIL |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

## खबर संक्षेप

### 44 बोतल शराब सहित तीन आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना नग्गल क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी परमजीत को 8 बोतल शराब सहित काबू किया है। एक अन्य मामले में थाना सेक्टर-9 से पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के मामले में आरोपी रूबल को 12 बोतल व 1 पव्वा शराब सहित गिरफ्तार किया है।

### पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपी किए गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अरूण को प्रोडक्शंन वारंट पर गिरफ्तार किया है। डिफेंस कॉलोनी के सचिन कुमार ने 5 जून 2021 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके घर में घुसकर सोना जेवरात अंगूठी, गले की चेन, नकदी व हाथ की घड़ी चोरी कर ली है।

### शराब पीने से हुई मौत के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज जहरीली शराब पीने से हुई मौत के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी रविश कुमार उर्फ मोनू उर्फ बलद्रिं को गिरफ्तार किया है। कुरथल के मूलचंद ने 9 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अंकित उर्फ मोगली व अन्य द्वारा बनाई गई जहरीली अवैध शराब पीने से दीपक कुमार तथा शिवम उर्फ लोकेश की मौत हो गई है।

### धूमधाम से मनाया माता गुजरी का जन्म दिहाड़ा

**अंबाला।** श्री गुरू ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र सेवा समिति के बच्चों ने बहबलपुर में माता गुजरी का जन्म दिहाड़ा बड़ी धूमधाम से मनाया। कथावाचक हरप्रीत सिंह ने माता गुजरी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माता गुजरी का जन्म करतारपुर में 1624 में हुआ था। उनके पिता का नाम लालचंद और माता का नाम बिशन कौर थी। माता गुजरी का विवाह छोटी उम्र में ही गुरू तेग बहादुर के साथ हुआ था।

### डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल की निशिता ने 12वीं वाणिज्य में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम किया रोशन

# सीबीएसई बोर्ड में स्कूलों का नाम रोशन करने वाले मेधावियों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

जेपीएस गुरुकुल में कक्षा दसवीं व 12 वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिस पर सभी छात्र उत्साहित हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे स्कूल स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि



बराड़ा। स्कूल के बच्चों के साथ स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

जेपीएस गुरुकुल में कक्षा दसवीं व 12 वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसी वजह से स्कूल में हर्षोल्लास का माहौल रहा। कक्षा 12वीं की छात्रा गुरलीन 93 प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर आई। मंयक 91 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान व जसप्रीत 86.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। कुल 15 विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। विद्यालय के अन्य छात्रों जेसमिन व गुरलीन ने अंग्रेजी विषय में 100 में से 93 अंक, मयंक ने रासायनिक विज्ञान व भौतिक विज्ञान में 95 अंक, जसप्रीत, रवनीत, नैचर व वंशिका ने फाइन आर्ट विषय में 100 फीसदी अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार से कक्षा दसवीं की छात्रा अनामिका 96 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान पर रही, उसने अंग्रेजी विषय में 95 अंक, गणित विषय में 97 अंक व विज्ञान विषय में 99 अंक प्राप्त किए। छात्रा करमप्रीत दूसरे स्थान पर रही उसने गणित विषय में 99 अंक, विज्ञान विषय में 95 अंक व सामाजिक विषय में 96 अंक प्राप्त किए। दिव्या ने कक्षा दसवीं में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पाया। इसके अलावा हेमंत 92 प्रतिशत, प्रार्थना 89 प्रतिशत, साहिबजोत 88 प्रतिशत व प्राची और कीर्ति ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दसवीं कक्षा में कुल 44 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की और 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 22 विद्यार्थी प्रथम डिवीजन लेकर पास हुए। इस शुभ अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष डॉ केएल जोहर, निदेशक विक्रम जोहर, प्रधानाचार्या डॉ नीलम जैन, गुरुकुल मुख्य समन्वयक बलराम व मुख्य संरक्षक राजेश कुमार ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों को स्कूल द्वारा ईनाम स्वरूप ट्रॉफी व स्कॉलरशिप दी गई। इस उपलक्ष्य में विद्यालय में मिठाई बांटी गई।

### संत मोहन सिंह पब्लिक राधिक-महक टॉपर

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं की राधिका गर्ग एवं महक पाल ने 92 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया, तनु ने 91 प्रतिशत, अरुण बंसल ने 90 प्रतिशत, ख़ुशी गोयल एवं नमनप्रीत कौर ने 88 फीसदी, मनमीत सिंह एवं दिया ने 84 प्रतिशत, सिया सैनी, हरमनदीप कौर, एवं सिमरजीत कौर ने 82 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। गणित विषय में 25 बच्चों, साइंस में 20 बच्चों, सामाजिक में 22, इंग्लिश में 55 बच्चों ने, हिंदी में 34 बच्चों और पंजाबी में 35 बच्चों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए। स्कूल के मैनेजिंग कमिटी के प्रधान दीदार सिंह, सचिव जसपाल सिंह, केशियर मनमोहन सिंह, सदस्य सतपाल सिंह एवं अन्य सदस्यों, स्कूल प्रिंसिपल वरिंदर कौर, वाईस प्रिंसिपल हरविंदर सिंह ने सभी बच्चों, अध्यापको एवं अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा की स्कूल के अच्छे परिणाम के लिए अध्यापकों, बच्चों और अभिभावकों का योगदान होता है।

### 84 फीसदी अंक हासिल कर विकास ने मारी बाजी

**बराड़ा।** राजकीय हाई स्कूल सोहाता का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल हैडमास्टर रमेश कुमार ने बताया कि विकास कुमार ने 84 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान पाया तो रणबीर 80 फीसदी अंक लेकर दूसरे स्थान रहा। इसी प्रकार से प्रीती 78 फीसदी अंको के साथ तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि स्कूल में 22 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें से 21 विदयार्थी पास हुए। मुख्या ध्यापक रमेश कुमार ने बच्चों को उनकी उपलिब्ध की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



बराड़ा। स्कूल स्टाफ के साथ सुखपाल स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### 15 छात्रों ने मेरिट में स्थान पाया

*बराड़ा। गांव उगाला स्थित सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल का दसवीं व 12 वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। 12 वीं के 15 बच्चों ने मेरिट में स्थान पाया तो 25 बच्चों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। खुशबू ने 94 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में टॉप किया। उदय राज ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान प्राप्त किया व स्वाति ने 89 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान पाया। इसके अलावा अभिनूर कौर ने 88 प्रतिशत, गुरनूर सिंह ने 82, मनवीर ने 78, प्रीती व गगनदीप सिंह ने 77, यशसस्वी व दिलराज सिंह ने 75 प्रतिशत अंक पाए। इसी प्रकार से कक्षा दसवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। दस बच्चों ने मेरिट प्राप्त की तो 12 बच्चों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा को पास किया। वंशिका ने 84 प्रतिशत लेकर टॉप किया। तानिया 83 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही तो वंशिका जैन ने 81 प्रतिशत अंक पाए। स्कूल प्रिंसीपल व स्टाफ ने बच्चों को उनकी उपलिब्ध पर बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।*




बराड़ा। स्कूल स्टाफ के साथ डीएवी के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### छात्रा निशिता ने किया नाम रोशन

*बराड़ा। डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल का 10 वीं और 12वीं का रिजल्ट इलाके का सर्वोत्तम रिजल्ट रहा । प्रधानाचार्या सुनीता कपूर ने बताया कि 12 वीं की निशिता ने वाणिज्य विभाग में 97 प्रतिशत अंक लेकर हल्के में अपना नाम रोशन किया। आयुषी ने 94 प्रतिशत काजल ने 87 प्रतिशत अंक लिए और साइंस स्ट्रीम में हितैषी ने 95.4 प्रतिशत, सांची ने 94.8 प्रतिशत, दिव्या ने 87, वंशिका सिंगला ने 85, अस्मिता ने 83.8, निहारिका ने 83.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। ह्यूमेनिटी में गुर मन्नत ने 90 प्रतिशत, राहुल ने 82.4 प्रतिशत , आशुतोष ने 80.4 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय की उन्नति में चार चांद लगा दिए। अंको की बात करे तो इकोनॉमिक्स में सौ, अंग्रेजी में 97, अकाउंटेंसी में 97, केमिस्ट्री में 97 , बिजनेस में 98, फिजिकल में 98, फिजिक्स में 95 , बायोलॉजी में 97 , हिस्ट्री में 90 , पॉलिटिकल साइंस में 97, आईटी में 97, मैथ्स में 84 , हिंदी में 82 अधिकतम अंक रहे। अंग्रेजी में 47 बच्चे डिस्टिंक्टिव रहे। इकोनॉमिक्स में 12, एकाउंट्स में 7 , बिजनेस में 19, फिजिक्स में 9, फिजिकल में 32, आईटी में 33, केमिस्ट्री में 13, बॉयोलोजी में 7, मैथस में 8, हिस्ट्री में 7, हिंदी में 6 बच्चों ने डिस्टिंक्शन हासिल की। वहीं विद्यालय का दसवीं का रिजल्ट भी बहुत शानदार रहा लविश ने 93.4 प्रतिशत, पूर्वंशी ने 90 प्रतिशत, अंकुश ने 89.4, रिया सैनी ने 88.8 प्रतिशत मार्क्स लेकर विद्यालय को सम्मान प्राप्त कराया।*



अंबाला। मदर्स डे पर बच्चे के साथ रैंप पर चलती एक महिला व कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंची महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों के जीवन में मां की अहम भूमिका

- पुलिस डीएवी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चों की माताओं ने लिया हिस्सा

**अंबाला।** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के नर्सरी विंग में मदर्स डे के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में नर्सरी से लेकर यूकेजी तक की सभी बच्चों की इच्छुक मदर्स ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मदर्स के लिए रैंप वॉक,मेहंदी और बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसमें सभी में बड़े उत्साह व जोश से भाग लिया। प्रतियोगिताओं के अलावा मदर्स को एजूकेशनल गेम्स भी करवाई गई ,जिसमें इंटरएक्टिव बोर्ड के माध्यम से न्यू टेक्नोलॉजी से उनको रूबरू करवाया गया। कंप्यूटर लैब में मदर ने अपनी क्रिएटिविटी कंप्यूटर के माध्यम से दिखाई। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने सभी मदर्स को मदर्स डे की हार्दिक बधाई दी। प्रतियोगिताओं में भाग लेने और इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने बताया बच्चों के जीवन में एक मां का एक अहम रोल होता है। इस कार्यक्रम में रीना नागरथ विशिष्ट अतिथि के रूप में विराजमान रही। इन विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रही मदर्स को हार्दिक बधाई दी। प्रतियोगिता में 200 से ज्यादा मदर्स ने हिस्सा लिया । रैंप वॉक प्रतियोगिता में यशिका , रमनदीप कौर , मनदीप , नेहा शर्मा , अनु आनंद , लवजीत कौर , कीर्ति सूदन ,रितु रानी , मेधा ने बाजी मारी। मेहंदी प्रतियोगिता में सोनिया , शिल्पी , अंजू , अनीशा , ज्योति , रिम्पी , परवीन , दीपशिखा , रेनू अव्वल रही। बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिता में सुमित , सोनिया , ज्योति , राजविंदर कौर , नैंसी ने बाजी मारी।

## साधु सागर नाथ का हुआ कान छेदन,21 दिन की एकांत तपस्या से आए बाहर,दर्शनों के लिए उमड़ा साधु समाज

- अखाड़े का भी हुआ आयोजन,दूर दराज आए आए श्रद्धालुओं ने सुने नाथ संप्रदाय के किस्से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुभाष शर्मा



तपस्या से बाहर आए साधु सागर नाथ अपने गुरु उजागर नाथ के साथ।

एनएच 344 पर बना बाबा मार्कंडेश्वर मंदिर क्षेत्र में ही नहीं बल्कि प्रदेश में भी धार्मिक आस्था के लिए प्रसिद्ध है। यहां के पपलोथा की जमीन पर बने इस मंदिर के कारण इस क्षेत्र को धर्म क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है। चांदन के रविवार को यहां मेले का आयोजन होता है। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां नतमस्तक होते हैं। साथ ही मन्नते भी मांगते हैं। मन्नतें पूरी होने पर यहां आकर भंडारे का आयोजन करते हैं। यहां के भंडारे का रूप में मीठे चावल वितरित करने का प्रचलन रहा है हालांकि समय के साथ भंडारे में अन्य व्यंजन भी बनने लगे है। यहां पर काफी वर्षो से गुरु गौरखनाथ पंथ से जुड़े बाबा उजागर नाथ मंदिर की सेवा में लीन है। मंगलवार तक दिन यहां विशेष रहा है। मंगलवार को बाबा उजागर नाथ की उपस्थिति में सागर नाथ को दर्शनी साधु बनाया गया। इस मौके पर बाबा उजागर नाथ के साथ बाहर से आई साध्वी सुमित्रा नाथ पिलखनी भी उपस्थित रही। 21 दिन पहले सागर नाथ का कान छेदन हुआ। उसे इस दौरान एक बंद कमरे में रखा गया। जिस में केवल साधु ही प्रवेश कर सकते थे। इस दौरान सागर नाथ पूरे 21 दिन की एकांत तपस्या में लीन रहे। सोमवार को नाथ खडेसरी जिला सोनीपत ने कान छेदन का कार्य किया। मंगलवार से 11 दिन पहले उन के उन के कानों में कुंडल डाले गए थे। मंगलवार को उन्हें सभी श्रद्धालुओं के सामने लाया गया। इस उपलक्ष्य में बाबा मार्कंडेश्वर मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगत चरण दास दयालपुर वाले का अखाड़ा लगाया गया। जिसमें नाथ संप्रदाय से जुड़े हुए भजन व क़स्सिों का वर्णन किया गया । बाबा उजागर नाथ ने बताया कि सागर नाथ उन के पांचवें शिष्य हैं। दो शिष्यों की मौत हो चुकी है। सागर नाथ यमुनानगर के सूढैल गांव के रहने वाले हैं। मंदिर में पिछले चार साल से रह सेवा में लीन हैं।

### कानों में कुंडल नाथ संप्रदाय की पहचान

कहा जाता है 'शिव है तो योग है', 'योग है तो योगी है', 'योगी है तो शक्तियां है। इन्हीं शक्तियों से शुरू हुआ नाथ पंथ। इस पंथ का भगवान शिव से गहरा जुड़ाव है। बाबा मार्कंडेश्वर मंदिर से जुड़े बाबा उजागर नाथ कहते हैं कि गुरु गोरखनाथ भी भगवान शिव का ही अवतार है। नाथ बनने के लिए कानों में कुंडल होना सबसे जरूरी है। बाबा उजागर नाथ के अनुसार नाथ बनने के लिए कान छेदने की प्रक्रिया सबसे खास होती है। कान छेदन का मतलब कष्ट सहन की शक्ति होती है। नाथ संप्रदाय में कान में कुंडल पहनने के लिए सबसे पहले एक खास मुद्रा में बैठना होता है। फिर कान को छेदा नहीं जाता बल्कि चीरा जाता है। चीरने के बाद उस पर भभूत लगा देते हैं। कहते है कि इसका जख्म एक साल तक रहता है। जब कान को चीरा जाता तो असहनीय दर्द से गुजरना पड़ता है लेकिन इस दौरान किसी भी तरह की दवाई वर्जित है।

### यहां भी छाए होनहार



नरायणगढ़। बच्चों को पुरस्कृत करते प्राचार्य।

### समर्थ आहलूवालिया ने किया टॉप

**नारायणगढ़।** डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक विद्यालय में सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरपी राठी ने बताया कि कुल 249 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनमें समर्थ सिंह आहलूवालिया ने 98.4 प्रतिशत अकं लेकर विद्यालय में प्रथम, हर्षिल अग्रवाल 95.8 प्रतिशत अकं लेकर द्वितीय , दक्ष ने 95.6 प्रतिशत अकं लेकर तृतीय , भूमिका ने 95 प्रतिशत अकं लेकर चैथा स्थान प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया । विशेष प्रार्थना सभा में कक्षा बारहवीं और दसवीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया । उन्होंने बेहतरीन परीक्षा परिणाम के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।



मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या व अन्य।

### दसवीं कक्षा में आयुषी सैनी ने मारी बाजी

**नारायणगढ़।** शिवालिक इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, का 10वी व 12वी का परिणाम शत प्रतिशत रहा । प्रिंसिपल ईशा शर्मा ने बताया कि 10 वी कक्षा की छात्रा आयुषी सैनी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, वांशिका ने 96 प्रतिशत और आर्यन चिल्लर ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया । 12वीं कक्षा के वाणिज्य संकाय में महक ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, विज्ञान संकाय में अंशिका ने प्रथम स्थान, और कला संकाय में खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया । स्कूल की प्रिंसीपल व स्टाफ ने बच्चों का मुह मीठा करवाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पूर्णिमा ने 96.6 फीसदी अंक हासिल किए

**नारायणगढ़।** सीबीएसई के 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में ब्लयू बैल्स वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का रिजल्ट शानदार रहा। स्कूल के प्राचार्य राजीव मेहता ने बताया कि सीबीएसई के 10वीं कक्षा के परिणाम में विद्यालय के कुल 163 विद्यार्थियों में से 161 छात्रों ने परीक्षा पास की। उन्होंने बताया कि उनके स्कूल की छात्रा पूर्णिमा ने 96.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम , कैरीन सैनी ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा कोमल ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों , उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को बधाई देते हुये विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 50 हजार से ज्यादा कैश साथ लेकर चलने पर बताना होगा सोर्स

# चुनाव के मद्देनजर अब तक पकड़ी जा चुकी 45 लाख नकदी

अंबाला लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन आयोग पूरी तरह से अलर्ट हो गया है, सभी पर रखी जा रही नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



चुनाव ट्रेनिंग का जायजा लेती एडीसी अपराजिता।

लोकसभा चुनाव के दौरान पुलिस अभी तक 45 लाख रुपये की नकदी जब्त कर चुकी है। जब्त नकदी लेकर पुलिस की ओर से जांच की जा रही है। उधर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि अंबाला लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न करवाने के लिए अलग-अलग टीम चेकिंग अभियान चला रही हैं। ये टीमें लगातार अवैध कैश पकड़ रही हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति 50 हजार रुपये से ज्यादा कैश अगर अपने साथ लेकर न चले। अगर कोई इससे ज्यादा रकम लेकर अपने साथ चलता है तो उसे कैश का सोर्स अवश्य बताना होगा।

डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि कोई भी व्यक्ति यदि बैंक या एटीएम से कैश निकलवाए तो उसकी रसीद अपने पास रखे। चेकिंग टीम द्वारा कैश के संदर्भ में पूछताछ करने पर उसे प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि 50 हजार रुपये से अधिक रकम लेकर चलने पर पूछताछ हो सकती है। कैश कहां से लाया गया और कहां ले जाया जा रहा है। कैश का सोर्स न बताने पर टीम द्वारा उसे जब्त कर मालखाने में जमा करवा दिया जाएगा। डॉ. शालीन ने बताया कि अभी तक अलग-अलग टीमों ने 45 लाख रुपये के करीब कैश पकड़ा है। कैश रिलीज कमेटी का भी गठन किया गया है। यदि कोई व्यक्ति पकड़े गए कैश के संबंध में मान्य दस्तावेज प्रस्तुत करता है तो कैश रिलीज कर दिया जाएगा। यह कमेटी सप्ताह में दो दिन सीईओ जिला परिषद नवीन कुमार आहूजा के नेतृत्व में बैठ रही है। एडीसी अपराजिता ने बताया कि 25 मई को अंबाला लोकसभा चुनाव के लिए मतदान किया जाएगा। इस चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से वचनबद्ध है। चुनाव के लिए ट्रेनिंग अंबाला शहर के ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल , अंबाला कैंट के फारूखा खालसा स्कूल , बराडा के लिए डीएवी रिवर साइड स्कूल कैंट व नारायणगढ़ विधानसभा के लिए से बीपीएस प्लेनेटोरियम में करवाई जा रही है। एडीसी अपराजिता ने सभी कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव के दौरान कर्मठता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में से एक हैं। इस लोकतांत्रिक प्रणाली में चुनाव सबसे महत्वपूर्ण विषय है। ऐसे में इन चुनावों को सहीं तरीके से आयोजित करवाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। चुनाव ड्यूटी के दौरान कोई भी कर्मचारी कोताही न बरते।

### तैयारियां जोरों पर, कर्मचारियों को दी जा रही ट्रेनिंग

लोकसभा चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर लगातार तैयारियों का दौर जारी है। इसी कड़ी में डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन के नेतृत्व में सेक्टर सुपरवाइजर, पोलिंग पार्टिज व पीठासीन अधिकारियों को ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग चार जगह आयोजित की गई है। यहां एडीसी अपराजिता ने स्वयं पहुंचकर ट्रेनिंग का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।